मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक–25.05.2026 को आयोजित एम्स, दरभंगा में मिट्टी भराई कर समतलीकरण कार्य की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक की कार्यवाही।

(i) उपस्थिति:–

(1) सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना,
(2) सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना,
(3) प्रबंध निदेशक, बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना।

बैठक में सर्वप्रथम सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया।

(ii) बैठक में एम्स, दरभंगा के निर्माण हेतु चयनित भूमि मे मिट्टी भराई कर समतलीकरण कार्य में आ रही समस्याओं पर विचार–विमर्श किया गया! इस सबंध मे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने हेतु MoU के अनुसार चिन्हित भूमि पर मिट्टी भराई कर समतलीकरण कार्य अविलम्ब पूर्ण करने हेतु अनुरोध किया जा रहा है। इस संबंध में दिनांक 22.05.2026 को अपर सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उच्चस्तरीय बैठक की गई थी, जिसमें मिट्टी भराई की कार्य योजना पर भी चर्चा की गई।

(iii) स्वास्थ्य विभागीय राज्यादेश स0–18(7), दिनांक–02.05.2023 द्वारा कुल रु0 309.29 करोड़ की लागत से एम्स, दरभंगा के निर्माण हेतु चयनित भूमि पर मिट्टी भराई कर समतलीकरण की योजना स्वीकृत की गई है तथा यह कार्य बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना के द्वारा क्रियान्वित किया जाना है। प्रबंध निदेशक, बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना द्वारा बताया गया कि भूमि समतलीकरण हेतु काफी मात्रा में मिट्टी की आवश्यकता होगी, जिसके लिए पास की नदी से उडाहीकरण कर इसे किया जा सकता है। इसके लिए जल संसाधन विभाग से काफी समन्वय की आवश्यकता होगी।

(iv) मिट्टी भराई कर समतलीकरण कार्य की समीक्षा के दौरान यह बात उभरकर सामने आई कि मिट्टी भराई कर समतलीकरण कार्य की तकनीकी विशेषज्ञता एवं कार्यानुभव जल संसाधन विभाग के पास है। मिट्टी भराई हेतु चयनित भूमि के नजदीक नदी का उडाहीकरण कर जल संसाधन विभाग द्वारा मिट्टी भराई की स्थिति में समन्वय की समस्या नहीं होगी।

अतः समीक्षोपरान्त एम्स, दरभंगा के लिए चिन्हित भूमि मे निर्धारित कार्य योजना के अनुरूप मिट्टी भराई कर समतलीकरण कार्य की योजना जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के माध्यम से क्रियान्वित किये जाने पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

अनुपालन– जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

(v) साथ ही, यह भी निर्णय लिया गया कि पूर्व में निर्गत मिट्टी भराई हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त राज्यादेश को इस हद तक सशोधित करते हुए जल ससाधन विभाग को क्रियान्वयन का दायित्व दिया जाय। इस हेतु प्रस्ताव अगले मत्रिपरिषद् की बैठक में लाने का भी निर्णय लिया गया।

अनुपालन– स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।

(vi) साथ ही, बैठक मे यह भी निर्णय लिया गया कि कार्य की महत्ता को देखते हुए एम्स, दरभंगा के चयनित भूमि पर मिट्टी भराई कर समतलीकरण कार्य को आवश्यकतानुसार मानसून की अवधि मे भी जारी रखने के लिए जल संसाधन विभाग को प्राधिकृत किया जाय।

अनुपालन– जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

सचिव जल संसाधन विभाग	सचिव स्वास्थ्य विभाग	मुख्य सचिव बिहार

ज्ञापांक–1 / विविध–44 / 2022–544(1) / स्वा0, पटना, दिनांक– 25 / 5 / 2026

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / मुख्य सचिव, बिहार, पटना के विशेष कार्य पदाधिकारी / सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव / सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / आयुक्त, दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा / प्रबंध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना / नगर आयुक्त, दरभंगा नगर निगम, दरभंगा / जिला पदाधिकारी, दरभंगा / कार्यपालक निदेशक, एम्स, दरभंगा / अपर सचिव–सह–वरीय प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा–7A, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना / प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–7A, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

25/05/2026

(मृणायक दास)
विशेष सचिव
स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना